निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद्, चम्पावत में निर्माण कार्य के क्रियान्वयन हेतु पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार बोर्ड द्वारा स्वीकृत कार्यों को अवस्थापना विकास निधि एस0सी0पी0 घटक/राज्य वित्त मद/15 वॉ केन्द्र वित्त मद/निकाय निधि मद के अन्तर्गत संपादित किये जाने हेतु दिनांक 16.01.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी। नियत समयावधि अन्तर्गत प्राप्त निविदा को दिनांक 16.01.2026 को अपराह्न 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष पालिका कार्यालय में खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.01.2026 से दिनांक 15.01.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक नियत धनराशि जमा कर कार्यालय से क्रय किये जा सकते हैं। कार्यानुसार पृथक–पृथक 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति के रूप में एफ0डी0आर0/बैक ड्राफ्ट/बैंक गारंटी जो कि निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त जारी की गयी हो तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, चम्पावत के पदनाम से बन्धक हो, को निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को शासनादेश संख्या 223817/2024/08 (200)/XXVII(8)/2023 दिनांक 10–07–2024 के अनुपालन में जी0एस0टी0 सम्बन्धी विगत माह तक का GSTR–3B अथवा GSTR–1 जमा होने सम्बन्धि अदेयता प्रमाण पत्र तथा समस्त देय विवरण एवं रिर्टन जमा होने सम्बन्धी प्रमाण पत्रों को निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न/जमा किया जाना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें/जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती हैं।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र शुल्क	18 % प्रतिशत जी.एस.टी. की राशि	निविदा प्रतिभूति 3 %	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैद्यता
1	2	3	4	5	6	7	8
1	वार्ड न0–7 नागनाथ में नई बस्ती सैनिक कॉलोनी में उमेश चंद्र के मकान के पास होते हुए नाले की ओर नाला तथा सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य।	**24.60**	2000.00	360.00	74,000.00	3 माह	30 दिन
2	वार्ड नं0–7 नागनाथ में नई बस्ती सैनिक कॉलोनी में मदन सिंह के मकान के पास तिराहे से चन्द्र सिंह के मकान से नीचे खीम जोशी के मकान के पास से होते हुए उमेश चंद्र के मकान तक नाला तथा सी0 सी0 मार्ग निर्माण कार्य।	**23.22**	2000.00	360.00	70,000.00	3 माह	30 दिन

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(प्रेमा पाण्डेय)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

कार्यालय नगर पालिका परिषद चम्पावत।

पत्रांकः– 213/निविदा सूचना/2025–26 **दिनांकः 01/ 01/2026**

प्रतिलिपि–:

1. वरिष्ठ कोषाधिकारी, चम्पावत को सादर सूचनार्थ।
2. अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, चम्पावत को सादर सूचनार्थ।
3. विज्ञापन व्यवस्थापक हिन्दुस्तान एवं अमर उजाला, चम्पावत को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया उपरोक्तानुसार विज्ञप्ति को आगामी अंक में न्यूनतम पठनीय स्थान अथवा 12 X 12 वर्ग से0मी0 आकार में राजकीय दरों पर प्रकाशित करते हुए समाचार पत्र की प्रति बिल जिला सूचना अधिकारी, चम्पावत से प्रमाणित कराते हुए भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. कार्यालय नगर पालिका नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।